आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 02.12.2025 **समय : 02.10PM**

मुख्यमंत्री- समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज से विभागवार समीक्षा बैठकों की शुरुआत कर रहे हैं। ये बैठकें अगले एक सप्ताह तक चलेंगी, जिनमें संबंधित विभागों के मंत्री और अधिकारी शामिल होंगे।आज मंगलवार को मुख्यमंत्री विधानसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, नर्मदा घाटी विकास व जल संसाधन, और ऊर्जा तथा नवीन-नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा करेंगे। प्रत्येक विभाग के मंत्री भी मौजूद रहेंगे। कल बुधवार को वल्लभ भवन में स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, सामाजिक न्याय, और कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा होगी। 8 और 9 दिसंबर को मुख्यमंत्री खजुराहो में विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे, जिनमें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, वाणिज्यिक कर, पशुपालन, नगरीय विकास, जनजातीय कार्य, एमएसएमई, लोक निर्माण, और पीएचई विभाग शामिल हैं। 9 दिसंबर की दोपहर में मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद की बैठक भी करेंगे।

लोकसभा - राज्यसभा - स्थगित

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू होने पर विपक्षी दल के सदस्य आसन के करीब आकर अपनी माँग पर अड़े रहे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी सांसदों से सदन की कार्यवाही बाधित न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि चर्चा शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से होनी चाहिए।

संसद

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर के मुद्दे पर संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं की आलोचना की। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष को नए मुद्दे ढूँढ़ने और संसद को बाधित करने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि कामकाज की एक सूची तैयार की गई है और कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर सरकार विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा कराएगी।

संचार साथी ऐप

सरकार ने मोबाइल हैंडसेट की प्रमाणिकता की पुष्टि के लिए मोबाइल में संचार साथी ऐप, पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए हैं। एक रिपोर्ट...

विशेष गहन पुनरीक्षण

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत अनूपपुर जिले में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। अनूपपुर से हमारे संवाददाता ने जानकारी साझा कि ..

मौसम

प्रदेश में इस हफ्ते ठंड एक बार फिर तेज होने वाली है। मौसम विभाग ने बताया है कि 5 या 6 दिसंबर से प्रदेश में कड़ाके की ठंड शुरू हो जाएगी। हिमालय में होने वाली बर्फबारी का असर यहां तक पहुंचेगा और सर्द हवाएं चलने से रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। फिलहाल भी कई जिलों में ठंड बढ़ने लगी है। इंदौर में पारा 8.2 डिग्री, भोपाल में 9.4 डिग्री, जबकि पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा जहां तापमान 6.8 डिग्री दर्ज हुआ। रीवा, राजगढ़, नौगांव और कई जगहों पर पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। दिन का तापमान भी कई शहरों में गिरा है और मलाजखंड प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

संक्षिप्त समाचार

- एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने रीढ़ की हड्डी से जुड़े गंभीर कैंसरजनित विकार से जूझ रहे एक मरीज का बेहद जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया है।
- शिवपुरी जिले में "एक बगिया मां के नाम" योजना की प्रगति को लेकर एक प्रशिक्षण सत्र जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में कल जनपद पंचायत पिछोर एवं करैरा में आयोजित किया गया।